>

Title : Need to provide financial assistance for boring tube-wells and constructing tanks in the drought-hit Satna Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में लगातार अवर्षा के कारण प्रदेश के 43 जिले पेयजल की समस्या से प्रभावित हैं। प्रदेश के 20 जिले तो पेयजल समस्या से भयंकर रूप से प्रभावित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पेयजल स्रोत तेज गति से सूख रहे हैं। प्रदेश के 341 नगर निकायों में से 180 नगर निकायों में पेयजल समस्या गंभीर बनी हुई है। 92 शहरों में एक दिन छोड़कर तथा 46 शहरों में 2 दिन छोड़कर एवं 38 शहरों में तीन छोड़कर पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में बाणसागर से सैंकड़ों किलोमीटर लम्बी नहरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से पेयजल उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में लगातार 3-4 वर्षों से बारिश कम होने के कारण परेशानी हैं।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए राज्य सरकार को तत्काल आर्थिक पैकेज दिया जाये एवं समस्या ग्रस्त जिलों में अतिरिक्त ट्यूबवैल खनन एवं ओवरहैड टैंक आदि के निर्माण एवं सतना नगर निगम द्वारा भेजे गये नये जलशोधन केन्द्र एवं सतना नदी में नये एनीकट निर्माण हेतु अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करायी जाये।